सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
आषाढ़ 13, मंगलवार, *शाके* 1945-जुलाई 04, 2023 *Asadha 13, Tuesday , Saka 1945- July 04, 2023*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

सांख्यिकी विभाग

परिपत्र

जयपुर, जुलाई 4, 2023

संख्या प.5(64)सीओआई/सम/डीईएस:- भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त, नई दिल्ली के निर्देशानुसार राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक एफ.5(64)/सीओआई/सम/डीईएस/2019/पार्ट-1/1662 दिनांक 10.08.2020 की निरन्तरता में राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक एफ.5(64)/सीओआई/सम/डीईएस/2019/पार्ट-II/16 दिनांक 06.01.2023 द्वारा राज्य की प्रशासनिक इकाइयों के स्थिरीकरण की समय सीमा को 31 दिसम्बर, 2022 से बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दी गई थी।

महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र एफ. नं. 9/33/2019-CD(Cen) दिनांक 30 जून, 2023 के दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि समस्त जिलों, तहसीलों, कस्बों एवं ग्रामों के प्रशासनिक इकाइयों के स्थिरीकरण की समय सीमा पुन: 30 जून, 2023 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर, 2023 की जाती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
उषा शर्मा,
मुख्य सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।